भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 75

उत्तर देने की तारीख 29/01/2026

कैमूर जिले के अधौरा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

75. श्री मनोज कुमार:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि बिहार के कैमूर जिले के अधौरा में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल (ईएमआरएस) लंबे समय से संचालित नहीं है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या उक्त ईएमआरएस के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है और निविदाएं पूरी हो गई हैं और क्या निर्माण पूरा होने में लंबा समय लगने की संभावना है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का इस क्षेत्र के जनजातीय छात्रों के लिए स्कूल का संचालन करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार है तथा इसके लिए समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) अधौरा, कैमूर में ईएमआरएस परियोजना के लिए स्वीकृत कुल निधि कितनी है और उसमें से कितनी धनराशि अप्रयुक्त है;

(ङ) सरकार द्वारा निर्माण में तेजी लाने और विद्यालय का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(च) स्वीकृत ईएमआरएस का शीघ्र संचालन करने के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य सरकार को भेजे गए पत्रों की संख्या कितनी है और प्रत्येक मामले में प्राप्त प्रतिक्रियाएँ क्या हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख) बिहार के कैमूर जिले के अधौरा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है और इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 2024 में बाधा रहित भूमि उपलब्ध कराई गई है।

(ग) इस बीच, एनईएसटीएस ने राज्य सरकार से वैकल्पिक सरकारी भवन में ईएमआरएस को संचालित करने का अनुरोध किया है।

(घ) अधौरा, कैमूर, बिहार में ईएमआरएस के लिए स्वीकृत कुल निधि 39.06 करोड़ रुपये है। इसमें से अब तक 20.01 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

(ङ) और (च) एनईएसटीएस, लगातार राज्य सरकार और निर्माण एजेंसियों के साथ ईएमआरएस के निर्माण में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें पूरा करने के लिए लगातार संपर्क कर रहा है, जिससे उनका शीघ्रातिशीघ्र संचालन सुनिश्चित हो सके।

*****